# उत्तर पश्चिम रेलवे

रेलवे भर्ती कक्ष,
बिल्डिंग नं. 04, द्वितीय तल,
केंद्रीये रेलवे अस्पताल के सामने,
निकट रेलवे स्टेशन द्वितीय प्रवेश द्वार,
जयपुर– 302006

सं. 740ई/आरआरसी/स्पोर्टस रिक्रूटमेंट (खुला विज्ञापन)/2026–27/भाग–1 दिनांकः 11.08.2026

## अधिसूचना

सर्व सम्बन्धित,

विषयः – खेलकूद कोटा 2026–27 के अंतर्गत खुले विज्ञापन के तहत खिलाडियों की भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि सुधार हेतु एक अवसर ।

रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष 2026–27 के लिए खेलकूद कोटा खुला विज्ञापन रोजगार सूचना सं. 03/2026 दिनांक 30.06.2026 के तहत ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 11.07.2026 से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 10.08.2026 है।

अन्तिम तिथि तक ऑनलाईन आवेदन पूर्ण रूप से सबमिट करने वाले अभ्यार्थियों को ऑनलाईन आवेदन में यदि कोई त्रुटि हो तो, त्रुटि सुधार हेतु एक अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। अभ्यार्थी ऑनलाईन आवेदन में मोबाईल नम्बर, आधार कार्ड नम्बर एवं ई–मेल को छोडकर अन्य संशोधन कर सकता है।

ऑनलाईन आवेदन पत्र में संशोधन करने हेतु लिंक रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की आधिकारिक वेबसाईट www.rrcjaipur.in पर दिनांक 13.08.2026 से 14.08.2026 (23.59) तक उपलब्ध रहेगा ।

उक्त अवधि के पश्चात किसी भी अभ्यार्थी को ऑनलाईन आवेदन में किसी भी प्रकार के संशोधन का अवसर नहीं दिया जाएगा एवं ऑनलाईन आवेदन में भरी गई जानकारी को अन्तिम माना जाएगा। इसके उपरान्त भी ऑनलाईन आवेदन में रही त्रुटि के लिए अभ्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

....sd....

**अध्यक्ष/रेलवे भर्ती कक्ष**